# कामरूप दर्पण

**मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा का मुखपत्र**

(Society Regd No. : RS/KAM (M) 263/Q/264 of 2017-18)

e-mail : sammelankamrupsakha@gmail.com URL : www.sammelankamrupsakha.com

## संपादकीय



*सर्वप्रथम नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री निरंजन जी सिकरिया को ढेरों बधाई।*

*मारवाड़ी सम्मलेन, कामरूप शाखा के द्वितीय कार्यकाल की प्रथम साधारण सभा में पूर्वोत्तर के तत्कालीन महामंत्री श्री प्रमोद जी तिवाड़ी ने सुझाव दिया था कि कामरूप शाखा को अपना मुखपत्र आरम्भ करना चाहिए। अपरिहार्य कारणों की वजह से इसको कार्यान्वित करने में देर हो गई, लेकिन देर आए दुरस्त आए। 'कामरूप दर्पण' का पहला अंक आपके हाथों में है। इसमें शाखा के इस कार्यकाल की गतिविधियों की जानकारी दी गई है। 'परिणय बंधन' प्रकल्प के अंतर्गत 'वैवाहिक विज्ञापन' भी दिए गए हैं। इस मुखपत्र को त्रिमासिक निकालने का निश्चय किया गया है। अगले अंक से कुछ नियमित स्तम्भ शुरू किए जाएंगे, जिनकी जानकारी व्हाट्सएप्प के माध्यम से दे दी जाएगी। सदस्यों एवं समाज बंधुओं से आग्रह है कि अपने विचार, लेख, सुझाव आदि sammelankamrupsakha@gmail.com पर भेजें। संस्थापक अध्यक्ष श्री सम्पत जी मिश्र से मिली हुई विरासत को वर्तमान अध्यक्ष श्री पवन जी जाजोदिया और अधिक निखार के साथ अपने उत्तराधिकारी को सौंप रहे हैं, जो निश्चित रूप से शाखा को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। शाखा ने पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मलेन में एक प्रतिस्पर्धा का सा मौहाल तैयार कर दिया है।*

*लोकसभा के चुनाव चल रहें हैं, असम में दो चरणों के चुनाव हो चुके हैं, लेकिन कामरूप जिले में चुनाव 23 अप्रैल 2019 को है, आप सभी अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें तथा औरों को भी प्रोत्साहित करें।*

*आप सभी के सहयोग कि कामना के साथ......*

***विनोद कुमार लोहिया***
***संपादक***

## अध्यक्ष की कलम से



जैसा कि हम सभी जानते हैं कि मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा का नया सत्र 2019-21 शुरू होने जा रहा है और जिसकी बागडोर हमारे नव-निर्वाचित अध्यक्ष श्री निरंजन कुमार सीकरिया के हाथों में होगी। मैं उनको उनकी इस नई यात्रा के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

शाखा को पिछले साल कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ा था। शाखा के विकास के लिए इन समस्याओं का हल करना जरूरी है ताकि ऐसी समस्याओं की पुनरावृत्ति ना हों। हालांकि कड़ी प्रतिस्पर्द्धा, हमारे लिए मार्गदर्शक के कारक रहे हैं। सफलता की सीढ़ी पर चढ़ने के लिए अनुचित साधनों के प्रयोग को कभी सही नहीं ठहराया जा सकता। हम सभी ने एक टीम भावना के साथ काम किया और एक-दूसरे की सहायता की। सामाजिक कार्यों को जारी रखते हुए शाखा की द्वितीय कार्यकिरणी ने अपने दो वर्षों के कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण कार्य किए व कई नए प्रकल्पों की शुरुआत की, जो स्थायी प्रकल्प के रूप में प्रवर्तित हो गए।

शाखा के मुखपत्र 'कामरूप दर्पण' का पहला अंक प्रकाशित होने पर मुझे खुशी है। मैं उम्मीद करता हूं कि इसकी निरंतरता बनी रहेगी और यह शाखा के लिए दर्पण के रूप में कार्य करता रहेगा। मैं गर्व का अनुभव करता हूं कि मुझे इस शाखा का नेतृत्व करने का मौका मिला। मेरे कार्यकाल के इस आखिरी दिन पर मैं आप सबसे यही अनुरोध करना चाहूंगा कि टीम भावना के साथ काम कीजिए और हमेशा कामरूप शाखा को समृद्धशाली बनाने के लिए काम करते रहिए।

आने वाले वर्षों में शाखा नए आयाम स्थापित करेगी ऐसा मुझे विश्वास है और आप सभी की सफलता की कामना करता हूं।

**पवन कुमार जाजोदिया**
**अध्यक्ष**

# शाखा की द्वितीय कार्यकारिणी की वार्षिक साधारण सभा

## प्रथम वार्षिक साधारण सभा




मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा की द्वितीय कार्यकारिणी की प्रथम साधारण सभा 18 फरवरी 2018 रविवार को गुवाहाटी के सांगानेरिया धर्मशाला के प्रांगण में आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता शाखाध्यक्ष श्री पवन कुमार जाजोदिया ने की।

इस सभा में मुख्य अतिथि के रूप में मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री मधुसूदन सीकरिया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांतीय महामंत्री श्री प्रमोद तिवाड़ी ने शिरकत की। अतिथियों का फुलाम गामोछा से सम्मान किया गया। इसके बाद प्रांतीय अध्यक्ष श्री मधुसूदन सीकरिया ने अपने संबोधन में शाखा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि शाखा ने अल्प समय में ही समाज में अपनी एक विशेष पहचान बना ली है। उन्होंने कुछ सदस्यों द्वारा सामूहिक इस्तीफे पर रोष प्रकट करते हुए कहा कि व्यक्तिगत मतभेदों के चलते इस्तीफे से संस्थाओं का अहित ही होता है। मतभेद सुलझाने के लिए कई तरीके अपनाए जा सकते हैं। क्षेत्र के उपाध्यक्ष, प्रांतीय अध्यक्ष या प्रांतीय महामंत्री से संपर्क कर समस्या को सुलझाया जा सकता है, लेकिन इस्तीफा कतई समस्या का निदान नहीं हो सकता।

इसके पश्चात प्रांतीय अध्यक्ष ने शाखा की स्मारिका **परिणय** के द्वितीय संस्करण का विमोचन संपादक विनोद कुमार लोहिया और उपसंपादक श्री रतन कुमार अगरवाला के सहयोग से किया।

कार्यक्रम के अगले चरण में महामंत्री श्री प्रमोद तिवाड़ी ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने सुझाव दिया कि शाखा को अपना कुछ पन्नों का e-बुलेटिन समय-समय पर निकालना चाहिए। 'बंधुत्व विकास', 'परिणय बंधन' और 'जीएसटी जागृति' का उल्लेख करते हुए उन्होंने लीक से हटकर कार्यक्रम करने का साहस करने के लिए शाखा की प्रशंसा की। तदुपरांत परिणय बंधन के संयोजक श्री प्रदीप कुमार जाजोदिया के सहयोग से शाखा की वेबसाइट http://www.sammelankamrupsakha.com के संशोधित संस्करण को प्रांतीय महामंत्री ने समाज को समर्पित किया।

द्वितीय चरण के अंतिम सोपान में गत एक वर्ष के दौरान शाखा के विभिन्न प्रकल्पों में दिए गए आर्थिक अथवा अन्य सहयोग देने वाली संस्थाओं, महानुभावों व प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। योग केंद्र के लिए यह सम्मान हरियाणा चैरिटेबल ट्रस्ट व महेश योग समिति को प्रदान किया गया।

हरियाणा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से श्री मुकेश जिंदल और महेश योग समिति की ओर से श्री शंकरलाल बिल ने यह सम्मन ग्रहण किया। जीएसटी जागृति के लिए `श्रीमती सरिता सोनी (मुख्य प्रायोजक) को, बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए श्री रोहित कुमार मंत्री तथा विद्यालय प्रकल्प के लिए श्री अरविंद सराफ, श्री विजय भीमसरिया, श्री केशव अग्रवाल, श्री अमित खेमका, श्री अमरचंद कालानी, श्री मुकेश जिंदल, श्री प्रमोद कुमार अग्रवाल और श्री प्रदीप जाजोदिया को प्रदान किया गया।

## मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा

### द्वारा संचालित स्थायी कार्यक्रम

### आठगांव चाबिपुल प्राथमिक विद्यालय में नविनीकरण, वृक्षारोपण

# द्वितीय वार्षिक साधारण सभा

मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा की सत्र 2017-19 की द्वितीय कार्यकारिणी की द्वितीय वार्षिक साधारण सभा रविवार, 31 मार्च 2019 को स्थानीय सांगानेरिया भवन में शाखाध्यक्ष श्री पवन कुमार जाजोदिया की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। शाखाध्यक्ष ने सर्वप्रथम उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए सभा प्रारंभ की घोषणा की। सह-सचिव श्री अनुज चौधरी ने विगत वर्ष की अंतिम साधारण सभा का प्रतिवेदन पाठ किया, जिसे सर्वसम्मति से बिना संशोधन के पारित किया गया। शाखा-सचिव श्री निरंजन सीकरिया जब वार्षिक प्रतिवेदन पाठ करने के लिए खड़े हुए, तो वहां उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि हमें प्रतिवेदन सभा प्रारंभ पूर्व ही प्राप्त हो चुका है तथा हमने मंथन कर लिया है। अत: इसे पढ़ा हुआ मान लिया जाए और पारित किया जाए।

श्री विवेक मुरारका को वर्ष 2019-20 के लिए ऑडिटर नियुक्ति किया गया तथा फुलाम गामोछा से स्वागत किया गया। कोषाध्यक्ष श्री दिनेश गुप्ता ने वर्ष 2017-18 के आय-व्यय का प्रतिवेदन तथा वर्ष 2018-19 का अन-ऑडिटेड रिर्पोट प्रस्तुत किया, जिसे विस्तृत चर्चा के बाद सर्वसम्मति से पारित किया गया। शाखाध्यक्ष श्री पवन कुमार जाजोदिया ने अपने अंतिम भाषण में अपने 2 वर्ष के कार्यकाल का विवरण रखते हुए सदस्यों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया, जिस पर सभी सदस्यों ने खड़े होकर करतल ध्वनि से अध्यक्ष के प्रति सम्मान जताया। शाखा सदस्य श्री अनुप जाजोदिया ने शाखाध्यक्ष को 153 आजीवन सदस्य बनाने हेतु तथा 2 वर्ष के कार्यकाल में उकृष्ट सेवा के लिए धन्यवाद प्रेषित किया। शाखा सदस्य श्री प्रभात शर्मा ने सुझाव दिया कि सदस्यों के साथ निरंतर संवाद चलता रहना चाहिए, जिससे शाखा की गतिशीलता बनी रहे। शाखा सदस्य श्री शंकरलाल भजनका ने सुझाव दिया कि आजीवन सदस्यों को सदस्यता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाना चाहिए। शाखाध्यक्ष ने सभा को बताया कि प्रांत द्वारा सभी आजीवन सदस्यों को सदस्यता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। शाखा सदस्य श्री प्रदीप जैन ने 'परिणय बंधन' तथा शाखा के वेबसाइट को लोकप्रिय बनाने हेतु अन्य विकल्पों का सहारा लेने की सलाह दी।

'जूठन विरोधी अभियान' के संयोजक श्री प्रभुदयाल जैन ने बताया कि इस अभियान को और तीव्रता से लोगों तक प्रचारित करने की जरूरत है। शाखा सदस्य श्री अशोक अग्रवाल (सीए) ने सुझाव दिया कि शाखा की वेबसाइट पर जब कोई भ्रमण हेतु जाए तो वेबसाइट पर आने वाले परिदर्शकों की संख्या दिखे। अंत में शाखा-सचिव श्री निरंजन सीकरिया ने शाखा के प्रत्येक सदस्यों को शाखा के विगत 2 वर्ष कार्यकाल में मार्गदर्शन, सहयोग तथा आशीर्वाद बनाए रखने हेतु हृदय से धन्यवाद दिया।

## अध्यक्षीय चुनाव 2019-21 सत्र

# निरंजन सीकरिया चुने गए नए अध्यक्ष



वर्ष 2019-21 सत्र के लिए मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा के अध्यक्ष का चुनाव 31 मार्च 2019, रविवार को सांगानेरिया धर्मशाला में संपन्न हुआ। इसके लिए दो उम्मीदवार श्री अशोक कुमार अग्रवाल व श्री निरंजन सीकरिया के नामांकन पत्र प्राप्त हुए और दोनों के नामांकन पत्र वैध पाए गए। इस चुनाव में कुल 153 सदस्यों में से 118 सदस्यों ने मतदान किया।

श्री निरंजन सीकरिया को 102 मत प्राप्त हुए, जबकि श्री अशोक कुमार अग्रवाल को 16 मत प्राप्त हुए। श्री अशोक कुमार अग्रवाल ने गले मिलकर श्री निरंजन सीकरिया को अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी। चुनाव के दौरान प्रांतीय उपाध्यक्ष (मुख्यालय) श्री अशोक अग्रवाल चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। चुनाव अधिकारी के रूप में श्री संपत मिश्र, सह-चुनाव अधिकारी के रूप में श्री अनुज चौधरी व श्री उमाशंकर गट्टानी ने अपनी सेवाएं प्रदान की। श्री प्रभात शर्मा व श्री प्रभुदयाल जैन ने व्यवस्था संभालने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया।



# वैवाहिक विज्ञापन

विवरण हेतु संपर्क सूत्र : 60001-02017
सोमवार से शनिवार
( सुबह 11 बजे से सायं 5 बजे तक )

मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा की आधिकारिक वेबसाइट
www.sammelankamrupsakha.com
पर Register/Login कर बायोडाटा अपलोड अथवा सर्च कर सकते हैं।

Height 5'11" Gotra MANGAL, Age 29 Years, M.Com. Looking for a suitable BRIDE:
Ref No: 1001

Height 5'8" Gotra GARG, Age 35 Years, B.Com. Looking for a suitable BRIDE:
Ref No: 1002

Height 5'10" Gotra GARG, Age 28 Years, B.Com. Looking for a suitable BRIDE:
Ref No: 1003

Height 5'8" Gotra MANGAL, Age 29 Years, B.Com. Looking for a suitable BRIDE:
Ref No: 1004

Height 5'3" Gotra MITAL, Age 33 Years, B.Com. Looking for a suitable BRIDE:
Ref No: 1005

Height 5'8" Gotra SINGHAL, Age 32 Years, B.COM Looking for a suitable BRIDE:
Ref No: 1006

Height 5'1" Gotra GARG, Age 28 Years, B.COM Looking for a suitable BRIDE:
Ref No: 1007

Height 5'7" Gotra GOWANS, Age 33 Years, BA Looking for a suitable BRIDE:
Ref No: 1008

Height 5'11" Gotra GARG, Age 27 Years, Graduation (Pursueing CA) Looking for a suitable BRIDE: Ref No: 1009

Height 6' Gotra GOYAL, Age 30 Years, B.COM Looking for a suitable BRIDE:
Ref No: 1010

Height 5'11" Gotra BANSAL, Age 31 Years, MBA Looking for a suitable BRIDE:
Ref No: 1011

Height 5'11" Gotra GOEL, Age 25 Years, B.COM Looking for a suitable BRIDE:
Ref No: 1012

Height 5'7", Age 33 Years, B.COM Looking for a suitable BRIDE:
Ref No: 1013

Height 5'7" Gotra GARG, Age 32 Years, B.COM Looking for a suitable BRIDE:
Ref No: 1014

Height 5'9" Gotra GARG, Age 29 Years, B.COM Looking for a suitable BRIDE:
Ref No: 1015

Height 5'2" Gotra GARG, Age 31 Years, M.Sc Looking for a suitable GROOM:
Ref No: 1102

Height 5'2" Gotra MANGAL, Age 30 Years, PHD Looking for a suitable GROOM:
Ref No: 1103

Height 5'3" Gotra BANSAL, Age 29 Years, CA (ICAI) Looking for a suitable GROOM:
Ref No: 1104

Height 5'6" Gotra BANSAL, Age 29 Years, M.COM Looking for a suitable GROOM:
Ref No: 1105

Height 5'3" Gotra Kapliyansh, Age 28 Years, B.COM Looking for a suitable GROOM:
Ref No: 1106

Height 5'2" Gotra GARG, Age 30 Years, B.COM Looking for a suitable GROOM:
Ref No: 1107

# योग की जगाई ज्योत



## मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का किया आयोजन

***मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा ने योग के महत्व को समझते हुए योग की ज्योति से गुवाहाटी महानगर को रोशन करने का प्रयास किया है। अपनी स्थापना के बाद से ही शाखा पिछले दो वर्षों से 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन करती आ रही है। शाखा द्वारा आयोजित योग शिविर में भारी संख्या में लोगों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया, जो कि इन कार्यक्रमों की सफलता को प्रमाणित करता है।***

### 21 जून 2017

मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा द्वारा 21 जून 2017 बुधवार को स्थानीय तेरापंथ भवन में तृतीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस दिन शाखा ने महेश योग समिति, अनुव्रत समिति एवं मारवाड़ी युवा मंच की गुवाहाटी शाखा के साथ संयुक्त रूप से स्थानीय तेरापंथ भवन में प्रात: 5.45 बजे से विशाल योग शिविर का आयोजन किया। तेरापंथ भवन के निचले तल्ले में पुरुषों के लिए एवं पहले तल्ले पर महिलाओं के लिए योग शिविर की व्यवस्था की गई। इस शिविर में महेश योग समिति के सह-आचार्य श्री मदनमोहन मल्ल, श्री शंकर बील, श्री सुनील अग्रवाल एवं श्री गिरधारीलाल झंवर ने पुरुषों को एवं श्रीमती कुसुम जालान, श्रीमती अनिता अग्रवाल, श्रीमती संगीता जैन, श्रीमती सुशीला अग्रवाला ने महिलाओं को योग और प्राणायाम करवाए। संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तृतीय अंतर्राष्ट्रीय योग शिविर में चारों संस्था के सदस्यों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। शिविर में शहर के करीब 200 लोगों ने योगाभ्यास एवं प्राणायाम का लाभ उठाया। इस मौके पर तेरापंथ धर्म संघ के मुनिश्री कमल कुमार भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि योग स्वयं भी कीजिए एवं समाज के लोगों को भी प्रेरित कीजिए ताकि स्वास्थ्य पर इसका अनुकूल असर पड़े, जिससे एक स्वस्थ समाज का गठन हो सके।

इस आयोजन में तेरापंथ सभा के अध्यक्ष श्री सुनील सेठिया एवं मंत्री श्री निर्मल कोटेचा उपस्थित थे। मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा के निवर्तमान अध्यक्ष श्री संपत मिश्र, कार्यकारी अध्यक्ष श्री प्रदीप जैन, उपाध्यक्ष श्री विनोद लोहिया, मंत्री श्री निरंजन सीकरिया, कोषाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक श्री दिनेश गुप्ता एवं शाखा के कार्यकारिणी सदस्य श्री राजीव अग्रवाल, श्री प्रभात शर्मा, श्री अजीत शर्मा, श्री बजरंग बैद, श्री अशोक मालू के अलावा सहयोगी संस्था के सदस्य भी उपस्थित थे।



### 21 जून 2018

मारवाड़ी सम्मेलन की कामरूप शाखा, हरियाणा चैरिटेबल ट्रस्ट, महेश योग समिति एवं समन्वय महिला समिति के संयुक्त तत्वाधान में 21 जून 2018 को चतुर्थ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महेश योग समिति की सह आचार्य श्री मदनमोहन मल्ल, श्री शंकर बिल, श्री सुनील अग्रवाल, श्री श्याम सिपानी, श्रीमती कुसुम जालान ने योगाभ्यास कराया। इस शिविर में शहर के करीब 150 लोगों ने योगाभ्यास का लाभ उठाया। इस आयोजन में हरियाणा चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री हरकेश अग्रवाल, सचिव श्री मुकेश जिंदल, श्री सुरेश गर्ग, स्थानीय पार्षद श्रीमती सुनिता भिलवाड़िया, समन्वय महिला समिति की सदस्याओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विवेकानंद केंद्र के श्री अजय अग्रवाल और पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के उपाध्यक्ष (मुख्यालय) श्री अशोक अग्रवाल भी उपस्थित थे। उपस्थित सभी अतिथियों का फुलाम गामोछा से सम्मान किया गया। मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा की तरफ से शाखाध्यक्ष श्री पवन जाजोदिया, उपाध्यक्ष श्री विनोद लोहिया, निवर्तमान अध्यक्ष श्री संपत मिश्र, कोषाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक दिनेश गुप्ता, संयोजक श्री संजय खेतान, कार्यकारिणी सदस्य श्री विजय भीमसरिया, श्री बिमल अग्रवाल, श्री नवरतन नागौरी, श्री रामरतन शर्मा, श्री प्रभात शर्मा ने कार्यक्रम में शिरकत की।




# निःशुल्क योग शिविर बना स्थायी प्रकल्प

मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा एवं हरियाणा चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार 2 मई 2017 को स्थानीय हरियाणा भवन में निःशुल्क सात दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। पहले दिन 50 अभ्यार्थियों ने योग शिविर में भाग लिया। इस शिविर में योग और प्राणायाम संबंधी क्रियाएं महेश योग समिति के सह-आचार्य श्री मदन मोहन मल्ल, श्री शंकर बिल, श्रीमती कुसुम जालान एवं श्रीमती अनिता अग्रवाल द्वारा करवाई गई। साथ ही महेश योग समिति के हास्य सम्राट श्री सुशील किल्ला ने हंसी योग क्रिया करवाई। इस निःशुल्क सात दिवसीय योग शिविर के पहले दिन सम्मेलन की कामरूप शाखा के अध्यक्ष श्री पवन जाजोदिया, मंत्री श्री निरंजन सिकरिया, कोषाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक श्री दिनेश गुप्ता, सह संयोजक श्री अशोक अग्रवाल (सी.ए.), श्री राजीव अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य श्री सुरेंद्र गोयल के अलावा पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के सांगठनिक मंत्री श्री अशोक अग्रवाल भी उपस्थित थे। हरियाणा भवन में चल रहे योग शिविर का पांचवां दिन खास रहा। इस दिन राजस्थान सरकार के देवस्थान मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री राजकुमार रिणवा ने योग शिविर में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन में पहला सुख निरोगी काया का है, जो योग क्रिया से ही संभव है। दूसरा पर्यावरण का शुद्ध रहना। इसके लिए अत्यधिक मात्रा में पेड़-पौधे लगाने की जरूरत है। इस काम को सामाजिक संस्थाएं ही वृहत्तर स्तर पर कर सकती हैं। श्री रिणवा हरियाणा भवन में लोगों की उपस्थिति देखकर चकित थे। उन्होंने कहा कि इतनी सुबह सैकड़ों की संख्या में लोगों की उपस्थिति इस योग शिविर की सफलता को प्रमाणित करती है। इससे पहले मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा के अध्यक्ष श्री पवन जाजोदिया, मंत्री श्री निरंजन सीकरिया, कार्यकारी अध्यक्ष श्री प्रदीप जैन, उपाध्यक्ष श्री विनोद लोहिया ने श्री रिणवा को फुलाम गामोछा, जापी व सराई देकर सम्मानित किया। मारवाड़ी सम्मलेन के पूर्व अध्यक्ष श्री कैलाश लोहिया, प्रांतीय संगठन मंत्री श्री अशोक अग्रवाल ने भी मंत्री श्री रिणवा का अभिनंदन किया।

सात दिवसीय योग शिविर का सामापन सोमवार 8 मई 2017 को हुआ। इस शिविर में लगभग 400 योगाभ्याशियों ने योगाभ्यास किया। समापन सत्र में सभी योगाचार्य एवं उनके सभी सहयोगियों को मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने प्रतीक चिन्ह एवं फुलाम गामोछा से सम्मानित किया। श्री दिनेश गुप्ता को सर्वश्रेष्ठ योग साधक घोषित किया गया। शिविर के समापन के अवसर पर कामरूप शाखा के निवर्तमान अध्यक्ष श्री संपत मिश्र व प्रांतीय संगठन मंत्री श्री अशोक अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। योग साधक एवं स्थानीय लोगों की मांग पर इस शिविर को तत्काल प्रभाव से स्थायी योग केंद्र के रूप में परिवर्तित कर दिया गया।

हर्ष का विषय है कि लगभग दो वर्षों से यह स्थायी योग शिविर प्रतिदिन प्रात: 6 बजे से 7.15 बजे तक हरियाणा भवन में यथावत चल रहा है।

# बंधुत्व विकास समिति

## ने दिया बंधुत्व का संदेश



मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा की बंधुत्व विकास समिति ने शाखा के सदस्यों में बंधुत्व के विकास के लिए संदेश दिया। समिति के संयोजक के रूप में श्री रतन कुमार अगरवाला ने सह संयोजक नीरज जैन के सहयोग से शाखा की द्वितीय कार्यकारिणी की समायवधि में इस संबंध में सराहनीय कार्य किए। इस समिति को निम्न कार्य सौंपे गए थे, जो इस प्रकार हैं-

1. सदस्यों को उनके जन्मदिन पर बधाई संदेश देना।
2. विवाहित शाखा सदस्यों को उनके विवाह की वर्षगांठ पर बधाई संदेश देना।
3. किसी सदस्य के यहां देहावसान की स्थिति में, सदस्यों को सांत्वना देना और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि प्रदान करना।

कार्यक्रम के संयोजक श्री रतन कुमार अग्रवाला ने अपरिहार्य कारणों की वजह से आंशिक सफलता के लिए खेद व्यक्त किया। उन्होंने सहयोग के लिए सदस्यों को धन्यवाद दिया।



# MAP 2018

## (मीटिंग्स एंड प्रोटोकॉल्स पर कार्यशाला)




सम्मेलन, कामरूप शाखा के तत्वावधान में गत 16 सितंबर 2018 रविवार को सुबह 10.30 बजे से बौद्धिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत शाखा ने **मीटिंग्स एंड प्रोटोकॉल्स (मेप-2018)** नामक एक कार्यशाला का आयोजन स्थानीय होटल अतिथि में किया गया। इस कार्यशाला में बैठकों के सुचारू रूप से आयोजन और अनुपालना के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला का सभापतित्व उपाध्यक्ष श्री विनोद कुमार लोहिया ने किया तथा मंच का संचालन सह-संयोजक श्री दिनेश गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री मधुसूदन सीकरिया तथा विशिष्ठ अतिथि उपाध्यक्ष (मुख्यालय) श्री अशोक अग्रवाल थे, जिनका फुलाम गामोछा से स्वागत किया गया। प्रशिक्षक श्री मनीष खाटूवाला (जेसीआई के राष्ट्रीय प्रशिक्षक) तथा श्री रमेश चांडक (जेसीआई के खंड प्रशिक्षक) थे, जिनका स्वागत फुलाम गामोछा तथा स्मृति चिन्ह देकर किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में लीक से हटकर ऐसे कार्यक्रम करने पर तथा विगत 3 वर्षों में शाखा द्वारा किए गए कार्यक्रमों के लिए शाखा की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कार्यशाला का शुभारंभ अतिथियों और प्रशिक्षकों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से किया गया।

कार्यशाला में कुल 6 सत्र थे जैसे प्रभावी बैठक और कोरम, बैठक के टूल्स (एजेंडा और माइनुट्स), सभापति एवं सदस्य, बैठक के प्रोटोकॉल्स, मोशंस (विभिन्न प्रस्ताव पेश करना) थे और अंतिम सत्र में मॉक मीटिंग (दिखावटी बैठक) की गई। कार्यशाला के अंतिम पड़ाव में 'कौन बनेगा सभापति' का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशिक्षकों ने प्रश्न पूछे, जिनका प्रतिभागियों ने जवाब दिया। कुल 25 लोगों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिसमें से 15 लोग अन्य संस्थाओं से संबंधित थे। इसमें लघु उद्योग भारती, अग्रवाल युवा परिषद, जागृति लेडिज क्लब, स्टार हेल्थ इंश्योरेंस, मारवाड़ी सम्मेलन सिलापथार एवं नॉर्थ ईस्ट कंप्यूटर ट्रेडर्स एसोशिएशन के लोग शामिल थे। कार्यक्रम शाम 5.30 बजे तक चला। प्रतिभागियों ने जमकर प्रशिक्षकों को सराहा और आयोजकों से भविष्य में ऐसे किसी कार्यक्रम के आयोजन पर सूचित करने का आग्रह किया। प्रशिक्षकों ने कार्यशाला की उत्तम तैयारियों के लिए अपनी तरफ से आयोजकों को सम्मानित किया। मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा के सचिव श्री निरंजन सीकरिया ने अतिथियों, प्रशिक्षकों, प्रतिभागियों सहित सभी का धन्यवाद किया।



# देशभक्ति के साथ मनाए राष्ट्रीय पर्व

## स्वाधीनता दिवस के साथ ही किया शाखा के स्थापना दिवस का आयोजन



स्वाधीनता दिवस ( 2017 )

मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा ने आठगांव चाबीपुल प्राथमिक विद्यालय में अपना द्वितीय स्थापना दिवस एवं 71वां स्वतंत्रता दिवस कई कार्यक्रमों के साथ मनाया। इस अवसर पर विद्यालय के उप-परिदर्शक श्री देवेंद्र चंद्र लहकर ने मुख्य अतिथि के रूप में झंडोत्तोलन किया। इस कार्यक्रम में सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री मधुसूदन सीकरिया, प्रांतीय महामंत्री श्री प्रमोद तिवाड़ी व सांगठनिक मंत्री श्री अशोक अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री ओंकारमल अग्रवाल, विद्यालय के उप-निरीक्षक श्री दयाकांत गोगोई, प्रधानाध्यापक श्री हरिधन कटकी, विद्यालय परिचालन समिति की अध्यक्षा श्रीमती स्वप्ना दास, चाबीपुल महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती कल्पना चौधरी उपस्थित थे। कामरूप शाखा ने इस विद्यालय का नविनीकरण कर तीन शौचालय, शुद्ध पेयजल की मशीन, पानी की टंकी सहित विद्यालय के सौंदर्यकरण के लिए वृक्षारोपण किया। छात्र-छात्राओं को मिठाई व उपहार वितरण किए गए। विद्यालय में बच्चों के लिए 2 (दो) शौचालय बनवाए गए एवं शिक्षकों के लिए 1 (एक) शौचालय बनवाया गया। यह शौचालय बनाने का कार्य श्री अरविंद सराफ को दिया गया और श्री सराफ ने तीनों शौचालय अपनी तरफ से बनवाए। विद्यालय के दोनों भवन में बनाए गए नए शौचालयों में रंग-रोगन का कार्य श्री अमरचंद कलानी द्वारा करवाया गया। इस कार्य के लिए शाखा को कोई आर्थिक भार वहन नहीं करना पड़ा। विद्यालय में पीने के पानी के लिए एक Water Iron Removal Plant लगाया गया, जिसके लिए सहयोग राशि श्री विजय भीमसरिया और श्री रतन कुमार अग्रवाल से प्राप्त की गई। जे.सी.आई. क्लब द्वारा आरओ मशीन प्रदान की गई। बोइरिंग से पानी कम आने के कारण बोइरिंग को साफ करवाया गया। शौचालय का उद्घाटन उप-परिदर्शक श्री देवेंद्र चंद्र लहकर ने किया तथा पेयजल सेवा का उद्घाटन प्रांतीय अध्यक्ष श्री मधुसूदन सीकरिया ने किया। इसके अलावा विद्यालय में एक स्टील की अलमारी लाजो एजेंसी के श्री अमित खेमका के सहयोग से प्राप्त हुई। 2 (दो) डस्टबीन एवं 2 (दो) प्लास्टिक की झाड़ू श्री उमाशंकर गट्टानी द्वारा दी गई। 15 (पंद्रह) प्रलास्टिक की कुर्सी (चेयर) पोलिकोन इंडस्ट्रीज के श्री प्रमोद अग्रवाल ने दी। बच्चों को उपहार स्वरूप छाते वितरित किए गए। उपहार वितरण शाखाध्यक्ष श्री पवन कुमार जाजोदिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री ओंकारमल अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के नविनीकरण

**पूरे देश के साथ मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा ने देशभक्ति की भावना के साथ राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया। शाखा ने आजादी के जश्न के साथ-साथ अपना स्थापना दिवस का भी पालन किया।**





एवं वृक्षारोपण के कार्य में विशेष सहयोग देने वाले सदस्य श्री मुकेश जिंदल, श्री विजय भीमसरिया, श्री प्रदीप जाजोदिया और श्री रतन कुमार अग्रवाल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन निवर्तमान शाखाध्यक्ष श्री संपत मिश्र ने किया।

### स्वाधीनता दिवस ( 2018 )

मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा ने आठगांव चाबीपुल प्राथमिक विद्यालय में 72वें स्वतंत्रता दिवस के साथ-साथ अपना स्थापना दिवस भी मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय उपाध्यक्ष (मुख्यालय) श्री अशोक अग्रवाल के साथ शाखाध्यक्ष श्री पवन जाजोदिया ने झंडोत्तोलन किया। समारोह की अध्यक्षता मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा के अध्यक्ष श्री पवन जाजोदिया ने की एवं मंच पर आठगांव चाबीपुल प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री हरिधन कटकी, विद्यालय परिचालन समिति की अध्यक्ष श्रीमती स्वप्ना दास के अलावा सम्मेलन के प्रांतीय सांगठनिक मंत्री श्री कृष्ण कुमार जालान, प्रांतीय कोषाध्यक्ष श्री संजय मोर आसिन थे। मारवाड़ी महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती मंजु पाटनी, कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती शारदा केड़िया, मंत्री श्रीमती बंदना बिहानी, सदस्या श्रीमती बरसा सोमानी और श्रीमती संतोष धानुका भी उपस्थित थीं। समारोह में विद्यालय के बच्चों को विभिन्न कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया था सभी छात्रों को स्कूल बैग, मिठाई और उपहार दिए गए। कार्यक्रम संयोजक श्री अजीत शर्मा एवं श्री विमल अग्रवाल के अलावा शाखा के कोषाध्यक्ष श्री दिनेश गुप्ता, श्री प्रदीप जाजोदिया, श्री अनुज चौधरी, श्री संजय खेतान, श्री राजीव अग्रवाल ने भी इस



कार्यक्रम में उपस्थित होकर सक्रिय सहयोग दिया। कार्यक्रम का संचालन शाखा के निवर्तमान अध्यक्ष श्री संपत मिश्र ने किया। विद्यालय के बच्चों को दिए गए पुरस्कार एवं उपहार शाखा के सदस्यों द्वारा प्रायोजित (sponsored) किए गए थे।

# गणतंत्र दिवस समारोह

### गणतंत्र दिवस ( 2019 )

मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा ने चाबीपुल स्थित आठगांव एलपी स्कूल में लगातार तीसरे वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय महामंत्री राजकुमार तिवाड़ी ने तिरंगा फहराते हुए अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय के प्रांगण में लगातार तीन वर्षों से गणतंत्र दिवस मनाने से शिक्षकों और छात्रों के साथ हमारी आत्मीयता बढ़ी है। यही आत्मीयता गणतंत्र रिश्तों को मजबूत करती है। इस अवसर पर उनके साथ समारोह की अध्यक्षता कर रहे शाखा के उपाध्यक्ष श्री विजय भीमसरिया, विशिष्ट अतिथि प्रांतीय उपाध्यक्ष (मुख्यालय) श्री अशोक अग्रवाल, शाखा मंत्री श्री निरंजन सिकरिया, स्कूल के प्रधानाध्यापक श्री हरिधन कटकी, सम्मेलन की गुवाहाटी शाखा के अध्यक्ष श्री सांवरमल अग्रवाल, सम्मेलन की महिला शाखा की अध्यक्ष श्रीमती कंचन केजरीवाल उपस्थित थीं। इस अवसर पर कामरूप शाखा ने स्कूल के छात्रों के बीच स्वेटर, चॉकलेट, मिठाइयां वितरित की। सर्वश्रेष्ठ 5 छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। महिला शाखा ने बच्चों में चॉकलेट आदि वितरित किए। गुवाहाटी शाखा ने पेंसिल बॉक्स वितरित किए। कार्यक्रम का संचालन श्री दिनेश गुप्ता ने किया। गणतंत्र दिवस समारोह के कार्यक्रम में कामरूप शाखा की ओर से श्री संपत मिश्र, श्री निरंजन सीकरिया, श्री प्रदीप जाजोदिया, श्री रतन कुमार अग्रवाल, श्री अजीत शर्मा, श्री संजय खेतान, श्री प्रभुदयाल रारा, श्री विमल अग्रवाल, श्री राजीव अग्रवाल तथा सदस्यों के परिजनों में से श्री आयुष गुप्ता, श्री कुनाल गुप्ता, सुश्री चारू अग्रवाल, श्रीमती पूजा अग्रवाल उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के संयोजक श्री दीपक जैन और श्री पुनीत अग्रवाल थे।



# परिणय बंधन परिचर्चा की अनोखी पहल

## मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा के परिणय बंधन परिचर्चा को मिली सराहना



मारवाड़ी सम्मेलन की सभी शाखाएं अपने स्तर पर कार्य जरूर कर रही हैं, मगर कुछ कार्य ऐसे होते हैं, जिससे शाखा की पहचान बन जाती है और वह मिल का पत्थर साबित हो जाती हैं। पिछले दो वर्षों में ग्यारह शाखाओं का गठन हुआ, जिसमें कामरूप शाखा सर्वश्रेष्ठ शाखा की ओर अग्रसर है। कामरूप शाखा के परिणय बंधन जैसे स्थाई कार्यक्रम को भुला पाना असंभव है। हमें आलोचनाओं से डरना नहीं है। लोगों का काम आलोचना करना होता है। बिना आलोचना के सफलता नहीं मिलती। ये बातें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री मधुसूदन सीकरिया ने कामरूप शाखा द्वारा आयोजित परिणय बंधन परिचर्चा कार्यक्रम में कही। इससे पहले मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उनके साथ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री ओंकारमल अग्रवाल, मुख्य वक्ता सम्मेलन की दिल्ली प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष श्री राजकुमार मिश्रा, सह-वक्ता आचार्य श्री विवेक मिश्रा, शाखाध्यक्ष श्री पवन कुमार जाजोदिया, शाखा मंत्री श्री निरंजन सीकरिया, परिणय बंधन संयोजक प्रदीप जैन और कार्यक्रम संयोजक संपत मिश्र उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रांतीय महामंत्री श्री प्रमोद तिवाड़ी ने अपने संबोधन में कहा कि जब कामरूप शाखा ने परिणय बंधन कार्यक्रम को शुरू किया था तब यह आभास हो रहा था कि शायद ही यह कार्यक्रम चल पाएगा। कारण प्राय संस्थाएं दिखावे वाले कार्यक्रम आयोजित करने में रुचि लेती हैं। यह कार्यक्रम स्थाई रूप से चलने वाला कार्यक्रम है। कामरूप शाखा से गत दो वर्षों से इस कार्यक्रम को जीवित रखा है। यह पूर्वोत्तर की शाखाओं का सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम साबित हो रहा है। कामरूप शाखा ने नई सोच के साथ नई पहल की शुरुआत की है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री ओंकारमल अग्रवाल ने कहा कि सम्मेलन ने लड़कियों की शिक्षा पर जोर दिया, जिसके परिणाम स्वरूप आज कई युवतियां शिक्षित होकर ऊंचे पायदान तक पहुंच गई हैं। इसी वजह से आज समाज में

*'हमें आलोचनाओं से डरना नहीं है। लोगों का काम आलोचना करना होता है। बिना आलोचना के सफलता नहीं मिलती।'*

*श्री मधुसूदन सिकरिया (प्रांतीय अध्यक्ष)*

*'कामरूप शाखा ने नई सोच के साथ नई पहल की शुरुआत की है।'*

*श्री प्रमोद तिवाड़ी (प्रांतीय महामंत्री)*



विवाह के लिए योग्य पात्र ढुंढने में समस्या आ रही है। इस समस्या का निवारण करना जरूरी हो गया है। परिणय बंधन जैसे कार्यक्रम इस समस्या का समाधान हो सकते हैं। मुख्य वक्ता के रूप में श्री राजकुमार मिश्रा ने मारवाड़ी में बोलते हुए परिणय बंधन के संचालन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। सह वक्ता आचार्य श्री विवेक मिश्रा ने विवाह के पश्चात संबंध विच्छेद जैसी समस्या के पौराणिक मान्याता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर श्री विमल काकड़ा और श्री रतन अग्रवाला द्वारा संपादित **परिणय** नामक स्मारिका का विमोचन भी मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम शाखाध्यक्ष श्री पवन कुमार जाजोदिया ने स्वागत भाषण दिया। प्रथम सत्र का संचालन कार्यक्रम संयोजक श्री संपत मिश्र ने किया। द्वितीय सत्र में परिणय बंधन संचालन समिति के श्री प्रदीप जैन, श्री मनोज खेमका, श्री प्रदीप जाजोदिया, श्री अशोक अग्रवाल और श्री विमल काकड़ा ने परिचर्चा आरंभ की।

इस अवसर पर वैवाहिक डाटा बैंक से संबंधित वेबसाइट का भी उद्घाटन किया गया। निःस्वार्थ भाव से वैवाहिक संबंध कराने के लिए श्री प्रभु दयाल जालान, श्री प्रभुदयाल देवड़ा, श्री सज्जन कुमार जाजोदिया, श्री मदन गर्ग, श्री श्याम सुंदर लोहिया, श्री विजय मोदी (जोरहाट) व श्री अनंत राम बेड़िया को प्रशस्ती-पत्र देकर सम्मानित किया गया। श्री बंशीधर सरावगी, श्री शिव भगवान शर्मा और श्री अजय जैन को अनुपस्थित रहने के कारण उनके नामों की घोषणा की गई। श्री मनोज खेमका ने परिचर्चा में उपस्थित समाज बंधुओं के बीच एक प्रश्नोत्तरी सत्र आयोजित की, जिसमें स्थानीय समाज बंधुओं के अलावा जोरहाट, होजाई, नगांव, टिहू, नलबाड़ी, गोलाघाट, खारूपेटिया और शिलांग के सदस्यों ने भाग लिया। दाधीच परिषद के पूर्व अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश दाहिमा ने कहा कि संचालन समिति के साथ एक समन्वयकर्ता की नियुक्ति की जाए, जो हर क्षेत्र में समन्वय का काम करेगा। गांवों में समन्वय के जरिए जागरूकता फैलाई जानी चाहिए। युवतियों



का बायोडाटा एक बार बिना फोटो के लगाए जाने चाहिए।

सम्मेलन के उपाध्यक्ष (मुख्यालय) श्री राजकुमार तिवाड़ी ने कहा कि इस कार्यक्रम को वर्तमान परिस्थिति व आधुनिक तकनीकी के साथ आगे बढ़ाना चाहिए। बायोडाटा को खुले रूप से दिखाना बंद होना चाहिए। नलबाड़ी के श्री सुनील शर्मा ने कहा कि वेबसाइट में संबंध होने के अलावा किन्हीं कारणवश हुए संबंध विच्छेद का जिक्र भी होना चाहिए। संवाद की कमी को दूर कर दूरदराज के क्षेत्रों में भी प्रचार करना चाहिए। सभी जगह की संस्थाओं और मातृशक्ति को भी इसमें जोड़ना चाहिए।

खारूपेटिया के श्री अशोक नागौरी ने कहा कि किसी भी मुद्दे पर व्यक्तिगत सुविधा पर ध्यान न देकर मानसिकता बदलने पर ध्यान देना चाहिए। श्री रवि अजितसरिया ने कहा कि शिक्षा के प्रचार से कई समस्यओं का समाधन हो सकता है। परिणय बंधन को व्यवसायिक रूप से चलाना चाहिए। इसके अलावा गोलाघाट की श्रीमती अंजली कंकाणी, होजाई के श्री हरिप्रसाद गोयनका, श्री कपूरचंद पाटनी ने भी संबोधित किया। सचिव श्री निरंजन सीकरिया के धन्यवाद के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## सम्मेलन की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक शाखा के अतिथ्य में

पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन की प्रांतीय कार्यकारिणी की प्रथम सभा कामरूप शाखा के अतिथ्य में 22 अप्रैल 2018 को होटल रितुराज में नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष श्री मधुसूदन सीकरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस सभा में प्रांतीय कार्यकारिणी के लगभग 30 सदस्यों ने हिस्सा लिया। नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ भी दिलाई गई। शाखा द्वारा नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष श्री मधुसूदन सीकरिया, प्रांतीय महामंत्री श्री प्रमोद तिवाड़ी एवं प्रांतीय अधिवेशन के मेजबान शाखाध्यक्ष श्री राजकुमार रिंगानिया का फुलाम गामोछा से सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में श्री विनोद लोहिया, श्री दिनेश गुप्ता, श्री रतन अग्रवाल, श्री अजीत शर्मा, श्री संजय खेतान व श्री अनुज चौधरी ने सक्रिय सहयोग दिया।

मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा
द्वारा संचालित स्थायी प्रकल्प
निःशुल्क स्थायी योग केंद्र

# कामरूप शाखा ने की नागरिकों की मदद




**राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) की सूची में नाम न होने तथा जरूरी दस्तावेजों के जमा करने को लेकर परेशान लोगों की सहायता के लिए मारवाड़ी सम्मेलन की कामरूप शाखा ने एनआरसी हेल्प डेस्क सेंटर के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।**

## NRC HELP DESK REGULAR PROGRAMME

मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा और अग्रवाल युवा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में वर्ष 2018 के 21 नवंबर से 14 दिसंबर तक सिटीजेंस एनआरसी सहायता केंद्र (CITIZENS NRC HELP DESK) का आयोजन शाम 7.30 बजे से द्वितीय तल्ला, शांति ऑफसेट, कुमारपाड़ा पांचाली, गुवाहाटी-9 के प्रांगण में किया गया, जिसमें पेशेवर अधिवक्ता, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स और सलाहकारों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इनमें सर्वश्री विनोद लोहिया, दिनेश गुप्ता, मृणाल जाजोदिया, कुणाल जाजोदिया, पीयूष बिरमीवाल, अरुण चौधरी, आशीष बजाज एवं दीपक अग्रवाल शामिल थे। जिन लोगों ने एनआरसी में नाम शामिल करने के लिए आवेदन किया था, लेकिन उनके नाम शामिल नहीं हुए, उनको क्लेम फाइल करने में नि:शुल्क सहायता प्रदान की गई। यह सुविधा सोमवार से शनिवार तक उपलब्ध रही। रविवार को अवकाश था। कार्यक्रम के संयोजक श्री विनोद कुमार लोहिया एवं सह-संयोजक श्री दिनेश गुप्ता थे। श्री विनोद लोहिया ने उन सभी के प्रति अपना आभार जताया, जिनका इस प्रकल्प में प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से सहयोग मिला।

## NRC HELP DESK CAMP ON 09.12.2018

मारवाड़ी सम्मेलन और अग्रवाल युवा परिषद द्वारा तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम के आवेदन पर स्थानीय तेरापंथ धर्मस्थल में रविवार 09.12.2018 को CITIZENS NRC HELP DESK कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में NRC की नई SOP और क्लैम फॉर्म भरने और जरूरी दस्तावेजों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम के अध्यक्ष श्री नीरज बाफना के स्वागत भाषण से हुई। कार्यक्रम में पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय महामंत्री श्री राजकुमार तिवाड़ी ने अपने संबोधन में लोगों को एनआरसी के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने सभी व्यक्तियों निवेदन किया कि जिनका भी नाम एनआरसी में नहीं आ पाए हैं, उन्हें क्लैम फॉर्म जमा कराने के लिए प्रेरित करें, क्योंकि ये अंतिम मौका है और शायद ही इसके बाद फिर कोई मौका मिले। कार्यक्रम में उपस्थित श्री विनोद रिंगानिया और श्री दिनेश गुप्ता ने नए SOP और क्लैम फॉर्म के बारे में विस्तार से लोगों को अवगत कराया।

इसके पश्चात कार्यक्रम में NRC HELP DESK लगाई गई, जिसमें लोगों की जो शंकाएं थीं, उन्हें एक-एक कर व्यक्तिगत रूप से समझाया गया तथा हेल्प डेस्क के संचालक सदस्यों ने लोगों को क्लैम फॉर्म भरने और उसमें संलग्न आवश्यक



दस्तावेजों को एन्क्लोज करने में उनकी सहायता की।

NRC HELP DESK के संचालन में श्री प्रमोद तिवाड़ी, श्री बिनोद रिंगानिया, श्री विजय भीमसरिया, श्री निरंजन सीकरिया, श्री दिनेश गुप्ता, श्री संजय खेतान, श्री गौरव खंडेलिया, श्री अमिष बजाज, श्री घनश्याम जालान, श्री पंकज पोद्दार, श्री पीयूष बिर्मिवाल, श्री दीपक अग्रवाल, श्री कमल कोठारी, श्री वीरेंद्र सिंघी, श्री अनुज चौधरी आदि सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस कार्यक्रम में लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री पवन जाजोदिया, अग्रवाल युवा परिषद के अध्यक्ष श्री पीयूष बिर्मिवाल और तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम के अध्यक्ष श्री नीरज बाफना ने सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के संयोजक श्री विनोद कुमार लोहिया और श्री नीरज बाफना तथा सह-संयोजक श्री दिनेश गुप्ता थे। श्री विनोद कुमार लोहिया की अनुपस्थिति में कामरूप शाखा की तरफ से उक्त दिन की संयोजक की जिम्मेदारी का वहन श्री दिनेश गुप्ता ने किया।

## NRC HELP DESK CAMP ON 25.12.2018

मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा और अग्रवाल युवा परिषद, गुवाहाटी के संयुक्त तत्वावधान में NRC HELP DESK के एक और कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार, 25/12/2018 को सुबह 9.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक जालान भवन, चैंबर रोड, फैंसी बाजार, गुवाहाटी में समाज के हितार्थ किया गया।

## सम्मेलन के 84वें स्थापना दिवस पर लगाया

# न्यूरोथेरेपी शिविर

मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा ने मारवाड़ी सम्मेलन के 84वें स्थापना दिवस के अवसर पर नि:शुल्क न्यूरोथेरेपी चिकित्सा शिविर का आयोजन स्थानीय हरियाणा भवन में किया गया। गुरुजी स्व. लाजपत राय मेहरा की तस्वीर के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित किया गया। तत्पश्चात गायत्री मंत्र का जाप कर शिविर का शुभारंभ किया गया।

सम्मेलन के प्रांतीय महामंत्री श्री राज कुमार तिवाड़ी एवं प्रांतीय उपाध्याक्ष (मुख्यालय) श्री अशोक कुमार अग्रवाल भी कायक्रम में उपस्थित थे। शाखाध्यक्ष श्री पवन कुमार जाजोदिया ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि न्यूरोथेरेपी एक प्राचीन चिकित्सा पद्धति है। इसमें किसी भी प्रकार की दवाइयों का प्रयोग नहीं किया जाता है। शाखा द्वारा न्यूरोथेरपी चिकित्सा के लिए स्थायी केंद्र की स्थापना करने की कोशिश कर रही है। उपयुक्त स्थान की व्यवस्था होने पर इस चिकित्सा पद्धति को शाखा के स्थायी प्रकल्प के रूप में समाजबंधुओं हेतु शुरू किया जाएगा।

प्रांतीय महामंत्री श्री राज कुमार तिवाड़ी ने बताया कि न्यूरोथेरेपी चिकित्सा पद्धति 60-70 साल पुरानी है, लेकिन इसके बारे में जानकारी न होने के कारण ये इतनी प्रचलित नहीं हुई। भारतवर्ष में स्व. लाजपत राय मेहरा ने इसे आगे बढ़ाया और आज भारतवर्ष में कई जगह न्यूरोथेरेपी चिकित्सा केंद्र हैं, जहां प्रशिक्षक सेवाएं दे रहे हैं। प्रांतीय उपाध्यक्ष (मुख्यालय) श्री अशोक कुमार अग्रवाल ने शाखा के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा का गठन लगभग साढ़े तीन साल ही हुआ है, लेकिन शाखा ने हमेशा लीक से हटकर नए-नए कार्यक्रम आयोजित कर रही है। न्यूरोथेरेपी चिकित्सा के मुख्य प्रशिक्षक श्री प्रणवज्योति शर्मा ने कहा कि इस चिकित्सा का आरंभ गुरुजी स्व. लाजपत राय मेहरा द्वारा किया गया था। असम में इसका प्रचार पिछले आठ-दस सालों से लगातार हो रहा है। हम लगातार मरीजों को अपनी सेवाएं दे रहे हैं।



सुबह 10:30 बजे से अपराह्न 3:30 बजे तक चला। इस शिविर के सफल आयोजन के लिए शाखा उपाध्यक्ष श्री विनोद कुमार लोहिया एवं श्री विजय कुमार भीमसरिया, कार्यकारिणी सदस्य श्री प्रभु दयाल जैन, श्री दिनेश गुप्ता एवं श्री संजय खेतान, श्री रतन कुमार अग्रवाला एवं न्यूरोथेरेपी के प्रशिक्षक श्री ध्रुवज्योति शर्मा, श्रीमती सीमा कश्यप, श्रीमती काकोली दे, श्रीमती पुर्णिमा देवी, सुश्री पुजा गोवाला, श्री गौतम कुमार दत्ता ने सराहनीय योगदान दिया।

कुल 40 लोगों ने चिकित्सा शिविर का लाभ उठाया। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, पायल्स, माइग्रेन, थाइरोड, स्लिप डिस्क, पीठ दर्द, स्पॉन्डिलाइटिस, माइग्रेन, जोड़ों का दर्द, गठिया, अंत:स्रावी, अवसाद, पक्षाघात, गेस्ट्रिक, सोरायसिस आदि रोगों का इलाज किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संयोजक श्री दिनेश गुप्ता एवं श्री संजय खेतान का महत्वपूर्ण योगदान था।




# जीएसटी जागृति का आयोजन

नए अप्रत्यक्ष कर प्रणाली ‘जीएसटी’ को लेकर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मारवाड़ी सम्मलेन, कामरूप शाखा के तत्वाधान में गत 17 जून 2017 को स्थानीय माछखोवा स्थित आईटीए सेंटर में ‘जीएसटी जागृति’ शीर्षक पर एक सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मलेन के अध्यक्ष श्री मधुसूदन सीकरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। वरिष्ठ सीए ओम प्रकाश अगरवाला और उड़ीसा से पधारे सीए तरुण अगरवाला मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद थे। मुख्य अतिथि सहित वक्ताओं एवं शाखा के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सर्वप्रथम शाखाध्यक्ष श्री पवन जाजोदिया के स्वागत भाषण व मुख्य अतिथि श्री मधुसूदन सीकरिया के संबोधन के बाद ‘जीएसटी जागृति’ नामक एक पत्रिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक विनोद कुमार लोहिया ने मुख्य अतिथि श्री मधुसूदन सीकरिया के कर कमलों से इस पत्रिका का विमोचन करवाया। स्वागत समारोह के बाद तकनीकी सत्र की शुरुआत टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए सज्जन कुमार जाजोदिया की अध्यक्षता में हुई। प्रथम सत्र में सीए श्री तरुण अग्रवाल ने जीएसटी के प्रारूप, इसके फायदे, प्लेस ऑफ सप्लाई, टाइम ऑफ सप्लाई, इनपुट टैक्स क्रेडिट, कम्पोजीशन स्कीम आदि पर प्रकाश डाला।

सम्मान समारोह के द्वितीय चरण में पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के संगठन मंत्री श्री अशोक अग्रवाल, अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अमित अग्रवाल, पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष श्री रितेश खटेड़, कोषाध्यक्ष श्री पंकज भूरा, मारवाड़ी सम्मेलन, गुवाहाटी शाखा के अध्यक्ष श्री राजीव चांडक, पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के कार्यकारिणी सदस्य श्री संजय मोर, माहेश्वरी योग समिति के श्री शंकर, श्री संजय सुरेका, श्री बिनोद चौधरी सहित समाज के गणमान्य लोगों का फुलाम गमछा से स्वागत किया गया।

द्वितीय सत्र में सीए ओम प्रकाश अगरवाला ने ट्रांजिशनल प्रोविशंस सहित अन्य प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की। तत्पश्चात एक घंटे से ज्यादा वक्त तक प्रश्नोत्तर काल में व्यापारियों ने जीएसटी से संबंधित अपने सवालों के जवाब पाए। कार्यक्रम के अंत में प्रायोजकों व तकनीकी सत्र के सभापति सीए सज्जन कुमार जाजोदिया का सम्मान फुलाम गमछा और स्मृति चिन्ह देकर किया गया।

कार्यक्रम में 700 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस प्रकल्प के सफल आयोजन के लिए वक्ताओं, प्रायोजकों, समाज बंधुओं ने शाखा की सराहना की।



# जीएसटी पर दूसरा सेमिनार
# GST-WAY FORWARD




इंटरनेशनल चैंबर ऑफ बिजनेस एंड इंडस्ट्री (ICBI) तथा मारवाड़ी सम्मेलन की कामरूप शाखा के संयुक्त तत्वाधान में 30 जनवरी 2019 को स्थानीय होटल विश्वरत्न में जीएसटी पर GST-WAY FORWARD शीर्षक पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। उक्त सेमिनार में मुख्य वक्ता मुंबई के जाने-माने अधिवक्ता श्री सैलेश सेठ थे, जिन्होंने देश भर में जीएसटी पर अनेकों सेमिनारों में अपनी सेवाएं दी हैं। मुख्य अतिथि के रूप में एडिशनल डायरेक्टर जनरल, डायरेक्टरेट ऑफ जीएसटी, नई दिल्ली श्री एस. के. रहमान तथा विशेष अतिथि के रूप में कमिश्नर स्टेट टैक्सस, असम श्री अनुराग गोयल उपस्थित थे। कार्यक्रम में कोलकाता से ईस्टर्न जोन, डायरेक्टरेट जनरल ऑफ जीएसटी के अस्सिटेंट डायरेक्टर्स श्री विमान चंद्र पात्रा एवं श्री शांतनु सेनगुप्ता भी उपस्थित थे। सेमिनार का विषय था SIGNIFICANT JUDICIAL PRONOUNCEMENTS and TRENDS IN ADVANCE RULINGS।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह एवं शॉल दे कर किया गया। सीए ओम प्रकाश अगरवाला ने प्रारंभिक वक्तव्य रख कर कार्यक्रम के तकनीकी सत्र को प्रारंभ किया। तदुपरांत श्री रहमान ने अपने प्रेजेंटेशन के जरिए जीएसटी के 19 महीनों में बदलाव की यात्रा करवाई। विशेष अथिथि श्री गोयल ने बताया कि राज्य सरकार व्यापारियों के साथ है एवं हर संवाद के लिए तैयार है। मुख्य वक्ता ने 3 घंटे के अपने संवाद में जीएसटी कानून की खामियों को उजागर किया तथा न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णयों पर चर्चा की। प्रश्नोत्तर काल में उपस्थित ट्रेड एवं इंडस्ट्री सहित विभिन्न टैक्स प्रोफेशनल संस्थाओं के साथ इंटरेक्शन से पहले श्री रहमान ने मुख्य वक्ता द्वारा उठाए गए प्रश्नों पर अपने दृष्टिकोण रखा। उन्होंने श्री सेठ को संवाद हेतु दिल्ली आकर मिलने का न्योता दिया, जिसे श्री सेठ ने सहर्ष स्वीकार किया। कार्यक्रम के संयोजक श्री विनोद कुमार लोहिया, मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा और ICBI के श्री चेतन सराफ थे। ICBI, गुवाहाटी चैप्टर के चेयरमैन सीए अरुण चौधरी एवं मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा के अध्यक्ष श्री पवन जाजोदिया ने प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से सहयोग देने के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

# पारिवारिक वनभोज का लिया आनंद

गत 13 जनवरी 2019, रविवार को मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा द्वारा पारिवारिक पिकनिक का आयोजन मर्नगर झील, नोंगपोह में किया गया। मर्नगर लेक में जाने के लिए बस की व्यवस्था की गई थी, जो कुमारपाड़ा से सुबह 8.30 बजे से रवाना हुई।

मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा के 40 सदस्यों ने वनभोज का लाभ उठाया एवं मारवाड़ी समाज से 30 लोगों ने वनभोज में शिरकत की। वनभोज में नाना प्रकार के खेलों का भी आयोजन किया गया। साथ ही शाखा द्वारा 2 बोट की बुकिंग कराई गई थी। इसका भी सभी ने भरपूर आनंद उठाया। वनभोज स्थल पर टैंट, कुर्सी, म्यूजिक सिस्टेम एवं नास्ता, भोजन की पूर्ण व्यवस्था की गई थी। सायं 4.00 बजे वहां से वापसी के लिए प्रस्थान हुआ। वनभोज कार्यक्रम में तीनों संयोजकों श्री विजय कुमार भीमसरिया, श्री दिनेश गुप्ता और विमल अग्रवाला के साथ सभी सदस्यों का भरपूर योगदान रहा।

# मेधावी संकेत को किया सम्मानित



यूपीएससी परीक्षा में 217वां स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र संकेत अग्रवाल का मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा ने सम्मान किया। शाखा के पदाधिकारी व सदस्य, संकेत अग्रवाल के गुवाहाटी स्थित उनके निवास स्थान पर उपस्थित हुए। यहां उन्होंने संकेत का असमिया परंपरा के अनुसार फुलाम गामोछा से उसका सम्मान किया।

इस मौके पर कामरूप शाखा के निवर्तमान अध्यक्ष संपत मिश्र ने उनको एक प्रशंसा पत्र प्रदान कर अभिनंदन किया। शाखाध्यक्ष पवन जाजोदिया ने भी फुलाम गामोछा से मेधावी संकेत अग्रवाल को सम्मानित किया, वहीं उपाध्यक्ष विनोद लोहिया ने संकेत के माता-पिता को शाखा की स्मारिका **परिणय** भेंट की। सम्मेलन की कामरूप शाखा ने संकेत अग्रवाल के भविष्य की उत्तरोत्तर उन्नति की कामना की।

# मोरीगांव के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 300 पीड़ित परिवारों में बांटी राहत सामग्री




# कामरूप शाखा ने की बाढ़ पीड़ितों की मदद

असम में बाढ़ एक बड़ी व जटिल समस्या है। हर वर्ष ब्रह्मपुत्र व इसकी सहायक नदियों की आस-पास के गांव बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं। इस प्राकृतिक आपदा से हर वर्ष हजारों परिवार प्रभावित होते हैं। मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा अपने सामाजिक दायित्व के तहत इस वर्ष बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए अपना हाथ आगे बढ़ाया।

इसी समाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा ने पिछले वर्ष मोरीगांव जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र बाकोरीगांव, फुलबाड़ी व मोरी मुसलमान गांव के चार नंबर और सात नंबर वार्ड में पहुंचकर और बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत व खाद्य सामग्री (आटा, चावल, दाल, मसाले, तेल सहित अन्य सामग्री व पेयजल की बंद बोतलें) वितरित की। इससे 300 परिवार लाभान्वित हुए। मोरीगंव जिले के कानूनी मंडल श्री दुलाल दास ने मोरी मुसलमान गांव के 200 परिवार की सहायता सामग्री देखकर सम्मेलन की कामरूप शाखा के इस कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर मोरीगांव के टाउन मंडल श्री दिलीप कलिता, चार नंबर वार्ड के पार्षद श्री लोहित कलिता, स्थानीय समाजसेवी श्री राजू लाहोटी ने मार्गदर्शन किया। मोरीगांव के बीच में बहने वाली नदी के उस पार बसे प्राय: 40 परिवार बाढ़ के चलते खुले आकाश के नीचे रहने को मजबूर हो गए थे। नावों की मदद से बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचे। उन सभी परिवारों के बीच शाखा ने नाना प्रकार की सहायता सामग्री बांटी। गांव के स्थानीय लोगों ने शाखा के उपस्थित सभी सदस्यों का सम्मान किया एवं धन्यवाद दिया। कामरूप शाखा के अध्यक्ष श्री पवन कुमार जाजोदिया, निवर्तमान अध्यक्ष श्री संपत मिश्र, सचिव श्री निरंजन सीकरिया, कोषाध्यक्ष श्री दिनेश गुप्ता, उपाध्यक्ष श्री विनोद लोहिया, संयुक्त मंत्री श्री अनुज चौधरी, कार्यकारिणी सदस्य श्री रतन अग्रवाल, श्री अजीत शर्मा, श्री विजय भीमसरिया, श्री विजय अग्रवाल, श्री संजय खेतान और श्री बिमल शर्मा का सराहनीय सहयोग था।



मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा
द्वारा संचालित स्थायी प्रकल्प
परिणय बंधन
वैवाहिक डाटा बैंक

भरसक प्रयास किया गया है कि ‘कामरूप दर्पण’ के इस अंक में कोई त्रुटि ना रहे, परंतु भूल मानव का स्वभाव है, अत: कोई त्रुटि रह गई हो तो खेद है। कोई सुझाव हो तो sammelankamrupsakha@gmail.com के माध्यम से सूचित करें। **संपादक** – श्री विनोद कुमार लोहिया